# WINSOME BREWERIES LTD.

**Regd. Office :** Vill. Sarehkhurd, Tehsil Tijara, Distt. Alwar (Rajasthan)
**Corp. Office :** D-61, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi-110020
Ph. : 011 - 26811299,2707 Fax No : 011 - 26815222
Email : rkb@winsomeindia.in Website:winsomeindia.in
CIN : L15511RJ1992PLC014556

Winsome

**Date: 08/11/2019**

To,
Manager Listing Department
BSE Limited
Floor-25 P.J Tower, Dalal Street
Mumbai-400001
Script Code: 526471

**SUB: Submission of copies of Newspaper Advertisement regarding the Notice of 03rd Board Meeting, for Approval of Un-Audited Financial Result for the quarter ended on 30th September, 2019.**

**REF: Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligation & Disclosure Requirements) Regulation, 2015**

**Dear Sir/Madam,**

With respect to the captioned subject, please find enclosed herewith the copies of Newspaper Advertisement published in English daily (Top Story) and regional Newspaper (Naya India) regarding Notice of 03rd Board Meeting, for Approval of Un-Audited Financial Result for the quarter ended on 30th September, 2019.

We request you to kindly take this intimation on record and oblige.

Thanking You,

Yours faithfully
**For WINSOME BREWERIES LIMITED**

For WINSOME BREWERIES LTD.

Company Secretary

**SHAAN MOHAMMAD**
**COMPANY SECRETARY & COMPLIANCE OFFICER**

**Encl.: As above**

## Noida International Airport bid opens

Noida

Technical bids for selection of concessionaire for Noida International Airport were opened here on Wednesday.

About four bidders participated in the bidding process. Technical evaluation is under process. Technical bid will be opened on 29th November 2019 at 3pm, said Shailendra Bhatia, nodal officer, the Noida International Airport Limited (NIAL).

The four bidders are the Delhi International Airport Limited (DIAL), the Adani Enterprises Limited (AEL) , the Zurich International Airport AG and Anchorage

## Allahabad High Court banned sale of 1060 flats in Noida

Greater Noida

The Allahabad High Court has banned sale of 1060 flats being constructed under the jar group housing project of the Supertech at sector Omikran -1 , declaring them illegal.

It may be recalled that the authority had issued notice to the Supertech not to grant possession of flats to the buyers. However, the authorities concerned of the Supertech sold the flats and granted possessions to the buyers.

The court not only considered it illegal but also criminal act. In this context, Dharmendra Singh Sengar filed a writ in the high court in which the court asked to seal all the flats. But despite the court order, principal secretary of the industry department on July 5, 2019 asked the officials concerned of the Noida authority to unseal all the flats.

This order of the principal secretary was challenged in the high court. Acting on this matter the high court banned sale of these 1060 flats.

## Red Bull Shuttle backed with second edition

Chandigarh:

After an overwhelming response last year, Red Bull Shuttle Up- India's first ever exclusive women's doubles tournament has returned for its second edition.

Red Bull Shuttle Up Qualifiers will be held across 6 cities - Delhi, Hyderabad, Guwahati, Chandigarh Bangalore and Mumbai from 19th October to 23rd November 2019 respectively, with winning pairs from each qualifier will be flown down to Hyderabad for the National Finals on 8th December 2019.

The National Finals winners get a chance to play against Ashwini Ponnappa- one of India's best doubles badminton players of all time – and a partner of her choosing. With the growing popularity of the sport be it viewership (5th most viewed) or participation (2nd most played), the tournament aims to further boost and improve participation and popularity amongst aspiring women players.

India's ace women doubles shuttler and Red Bull athlete Ashwini Ponnappa said, "It has been my ambition to promote the Badminton as a sport in India, especially for the women.

It's great to be associated with brands like Red Bull that create such platforms and gives wings to the aspiring talents. It's been a great journey with Red Bull Shuttle Up and I only see it growing in the years to come. I would like to wish luck to all the participants."

# Hooda, Vora granted regular bail by ED court in AJL plot allotment case

Chandigarh

A special Enforcement Directorate court in Panchkula granted regular bail to Former Haryana chief minister Bhupinder Singh Hooda and Congress leader Motilal Vora in the Associated Journals Limited (AJL) land allotment case on Wednesday.

Special Judge Jagdeep Singh fixed December 10 as the next date of hearing in the case, according to an advocate representing Hooda.

He said the two Congress leaders were present in the court. During the previous hearing on October 30, the court had granted them interim bail till November 6.

The Enforcement Directorate had in August 2019 filed its first charge sheet indicting Vora and Hooda for alleged irregularities in the allotment of land to AJL in Panchkula.

A prosecution complaint was filed before a special court for the cases under the Prevention of Money Laundering Act (PMLA) in Panchkula near Chandigarh, the federal probe agency had said earlier.





The agency, in its first charge sheet, named Vora, Hooda and AJL charging that they were "directly involved in the process and activity connected with the acquisition and possession of the proceeds of the crime".

Vora, a Rajya Sabha member, is a Congress general secretary.

Hooda has been Haryana chief minister for two terms between 2005 and 2014.

The money laundering case pertains to the alleged irregularities in the re-allotment of a plot, located in Panchkula, to AJL by the then Hooda government.

Under the provisions of the Prevention of Money laundering Act, the ED has already attached the plot with estimated value of Rs 64.93 crore. "Hooda favoured AJL by granting them three undue extensions for construction on the said plot from May 2008 to May 10, 2012 and then until AJL completed the construction in the year 2014," the ED had said in a statement earlier.

The agency had charged that Hooda allotted the pot to AJL by "blatantly misusing his official position".

The former Haryana chief minister, it was alleged, "dishonestly allotted the said plot afresh in the guise of re-allotment to the AJL at original rates plus interest in violation of necessary conditions and policy of HUDA (Haryana Urban Development Authority) vide order dated August 28, 2005."

The ED filed a criminal complaint of money laundering in this case in 2016 based on a CBI FIR, which had taken over the investigation into the case at the request of the BJP government in Haryana.

The Central Bureau of Investigation has already filed a charge sheet against Hooda and others in this case.

The plot was allotted to AJL first in 1982.

But the allotment was revoked by the estate officer of the Haryana Urban Development Authority (HUDA) by an October 1992 order because AJL had failed to comply with the conditions of the allotment letter, the ED had said. The agency had questioned the two Congress leaders in the case.

## Noida Authority issues notice to 300 water defaulters



Noida

The Noida authority has issued notices to as many as 300 defaulters for recovery of water charges.

In case these defaulters fail to pay dues on time, necessary action would be taken against them, asserted the officials concerned.

According to sources, the Greenland Society has to pay Rs 23 crore as water charges followed by GIP Mall with Rs 13.30 crore. Even the water connection of the GIP Mall was disconnected on nonpayment of dues. However, on the condition of payment of Rs 10 lakh, the water connection was restored. However, the GIP Mall discontinued to pay after two months. Then again the water connection of the GIP Mall was disconnected.

Even the CEO, Noida authority Ritu Maheshwari has strongly asked the officials concerned for recovery of water dues.

DGM, water department, B M Pokhriyal now the process has been started for recovery of dues. No relaxation would be given to the defaulters, he asserted.

# 2017 Panchkula violence: Honeypreet granted bail, released



Panchkula

A court here on Wednesday granted bail to Honeypreet Insan, adopted daughter of Dera Sacha Sauda chief Gurmeet Ram Rahim, in 2017 Panchkula violence case.

Last Saturday, another court here had dropped sedition charges against her in connection with the violence following the conviction of the Dera chief in rape cases that left more than 30 people dead and over 200 injured.

The bail was granted on surety bond of Rs one lakh each, defence counsel R S Chauhan said, adding Honeypreet, who is lodged in Ambala jail, was released on Wednesday evening.

"As the IPC Sections including 145 (joining or continuing in unlawful assembly, knowing it has been commanded to disperse), 146 (rioting), 120-B (punishment for criminal conspiracy) are bailable sections, the court of Chief Judicial Magistrate, Panchkula, Rohit Vats granted bail to her on her plea, he said.

He said Honeypreet had moved a bail plea after sedition charges against her were dropped on Saturday by the Additional District and Sessions Judge Sanjay Sandhir.

He said after this the Sessions court had sent the case back to the CJM court in Panchkula where it came up for hearing on Wednesday.

The Panchkula police had booked Honeypreet and other Dera followers on the charges of sedition and criminal conspiracy in connection with the Panchkula violence case.

Honeypreet, along with others, was named in the FIR for allegedly conspiring to incite violence in Panchkula that broke out following the conviction of the Dera head in August 2017.

According to the charge sheet, the conspiracy to spread violence was hatched by Honeypreet and the 45-member Dera management committee at the Dera headquarters in Sirsa.

# Haryana Bags Global Agriculture Award 2019

Jag Mohan Thaken
Chandigarh

Haryana has bagged the Global Agriculture Award 2019 under the best Animal Husbandry State.

**Sharing more information, a spokesman of the department said that the State has got the award for starting many important policy initiatives**



Additional Chief Secretary, Animal Husbandry and Dairying Department, Haryana, Dr. Sunil K. Gulati, on behalf of the Chief Minister Mr. Manohar Lal received the award in the 4th Global Agriculture Summit 2019 organized by Indian Chamber of Food and Agriculture, in a recently held program held in Delhi.

Sharing more information, a spokesman of the department said that the State has got the award for starting many important policy initiatives, which made extensive positive impact on the Animal Husbandry sector's performance of the State.

Apart from this, the State's efforts for boosting the farmer's economy, which has significantly helped in the agricultural growth and impacted the lives of millions of farmers, helped the State to bag the award.

The Spokesman said that the State has bagged the award for the adoption of best practices by the Animal Husbandry Department of Animal Husbandry and Dairying, Haryana and by key achievements of the department during the year 2019.

He said that the State has made very impressive progress in animal husbandry sector during the year 2019. Haryana Government is the first state to go for combined HS + IND vaccination among cattle and buffaloes. The department successfully administered 60 lakh doses of combined vaccine in the first round to eligible bovines at the doorsteps of farmers.

He further informed that the department used a mobile Application named as HAR PASHU KA GYAN to collect full details of 52 lakh large animals with photos. In HAR PASHU KA DHYAN, the State is working on a very innovative project, the first of its kind in the country where the data collected will be used to provide a large number of services to the farmer engaged in Animal Husbandry profession at their doorstep.

He said that Haryana is the first State to pass the Haryana Animal (Registration, Certification and Breeding), Act, 2019 for genetic improvement of animals. Department has constituted Pashu Swasthya Kalyan Samities at each Government Veterinary Hospital of the State. A very innovative scheme of establishing Pashudhan Aushadhi store at the level of each Pashu Swastliya Kalyan Samities has been launched in the State. All emergency genetic veterinary medicines are made available at these centers on discounted rates for farmers.

## Vodafone idea partners home credit

Chandigarh:

Vodafone Idea Limited, India's leading telecom service provider and Home Credit India, an international consumer finance provider with the largest penetration in sub Rs. 10,000 categories in India, today announced an industry first strategic alliance.

The alliance will play a vital role in providing financial access to a customer base, which has not been exposed to it in the past.

The partnership with Home Credit ensures that for a down payment of just Rs. 799 Vodafone Idea pre-paid customers will now be able to buy the latest 4G Smartphones with a bundled 180-day validity plan offering unlimited local and national calls & 1.5GB data/day.

Customers can select the 4G smartphone of their choice from a wide range of options and popular brands available at multiple price points starting at 3999/-. Irrespective of the cost of the handset chosen, the down payment remains constant at only Rs.799/- for this offer, much lower than the market norm of down payment being 30-40% of handset value.

Commenting on the partnership, Avneesh Khosla, Operations Director – Marketing, Vodafone Idea Limited said, "It is our constant endeavor to deliver the most relevant proposition and value to our customers.

## Haryana DITECH will set-up Centre of Excellence

Jag Mohan Thaken
Chandigarh

With a vision to promote entrepreneurial spirit amongst youth, researchers, engineers and society at large by promoting cutting edge information technology start-ups in latest technologies, a Centre of Excellence (CoE) on Blockchain Technology will be set up at STPI Gurugram.

The Software Technology Parks of India (STPI), an organization under Ministry of Electronics & Information Technology (MEITY), Government of India in association with MEITY and Department of Information Technology, Electronics & Communication, Haryana (DITECH) will set-up the CoE.

The CoE will be established in 10000 sq. ft. with a budget provision of Rs 25 Crore over a period of five years and approximately 100 Startups are expected to benefit from the same. The centre will be made operational by March 2020.

Sharing more information in this regard, an official spokesperson of the Information Technology, Electronics and Communication Department, said that Haryana Government has always been a key driver for increased adoption of Information Technology (IT)-based products and IT enabled services through sectoral reforms and adoption of Digital India program which have led to creation of large-scale IT infrastructure with corporate / private participation.

He said that the in this CoE, mentors will train the startups through a well-defined "Incubation and Acceleration Process" by validating the innovative Ideas, build product Et services around it, reach out to the market through a well-defined marketing strategy with industry connect, provide access to Angel, seed and VCs to fund the venture at various stages to build sustainable and scalable business.

**ACE EDUTREND LIMITED**
**CIN: L29299DL1993PLC201811**
**Regd. Off: A-7/6, Jhilmil Industrial Area, Shahdara, New Delhi-110095**
**E-mail Id: csaceindia@gmail.com**
**Website: www.aceedutrend.in, Ph: 011-22133000**

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Notice is hereby given that the 3rd Meeting of 2019 of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Thursday, November 14, 2019, at 11:00 A.M. at registered office of the Company inter-alia, to consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and half year ended September 30, 2019 and any other item with the permission of Chair.

The said Notice and the Financial results may be accessed under Investors Relations Section on the website of the Company and Stock Exchange i.e. www.aceedutrend.in and www.bseindia.com respectively.

For Ace Edutrend Limited
Sd/-
Monendra Srivastava
Managing Director
DIN: 07489845

Place: New Delhi
Date: 06.11.2019

**MORGAN VENTURES LIMITED**
( CIN: L70109DL1986PLC025841)
Registered Office: 37, Ring Road, Lajpat Nagar-IV, New Delhi 110024 Phone: 011-26432601/02/03
E-Mail: secretarial@goyalgroup.com

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the meeting of Board of Directors of the Company will be held on 14th November, 2019 at 37,Ring Road Lajpat Nagar New Delhi-110024, inter-alia, to consider & take on record the Un-Audited Quarterly Financial Results of the Company for the quarter ended on 30th September , 2019.

Place: New Delhi
Date: 06.11.2019
By order of the Board of Directors
For Morgan Ventures Limited
Sd/-
Naveen Bhatnagar
Company Secretary

**Tarangini Investments Limited**
**CIN: L67190DL1982PLC013486**
Regd Off: K-37/A, Basement, Kailash Colony, Near Kailash Colony Metro Station, New Delhi-110048
Email Id: tarangini0123@gmail.com;
website: www.taranginiinvestmentsltd.com

**Notice of Board Meeting**

Pursuant to Regulation 29, read with Regulation 47 of the SEBI (LODR) Regulation, 2015, Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company (4/2019-20) is scheduled to be held on Thursday, 14th November, 2019 at 02.30 p.m. at the registered office of the Company, inter alia to consider and approve the Un-Audited Financial Results along with Limited Review Report of the Company for the quarter and half year ended 30th September, 2019.

Further the trading window shall, pursuant to company's Code of Conduct for prevention of Insider Trading, remain closed for Promoters, Directors, Designated Employees and all persons covered under the Code, from November 10, 2019 to November 16, 2019 (both days inclusive) i.e. 48 hours after the publication of financial result.

The said notice may be accessed on the Company's website at www.taranginiinvestmentsltd.com. or on Stock Exchange Website at www.msei.in

By Order of the Board
For Tarangini Investments Limited
Sd/-
Rachna Khetan
Whole Time Director
DIN: 06982598
Address: H. No. 15, First Floor, Sector-14, Gurgaon-122001, Haryana

Place: New Delhi
Date: 07nd November, 2019

**WINSOME BREWERIES LIMITED**
Regd. Office : Vill. Sarehkhurd, Tehsil Tijara, Distt. Alwar (Rajasthan)
Corp. Office: D-61, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi - 110 020
CIN : L15511RJ1992PLC014556,
Website : www.winsomeindia.in
Ph.: 011-26811299, 2707, Fax: 011-26815222
Mail : rkb@winsomeindia.in

**NOTICE**

We would like to inform you that the Board Meeting of the Company is proposed to be held on Thursday the 14th day of November, 2019 at 04:00 P.M. at its Corporate Office at D-61 Okhla Industrial Area Phase-I New Delhi-110020 to consider and approve inter-alia,Un-Audited Financial Result for the Quarter and Half-year ended on 30th September, 2019.

In accordance with the Company's Code of Conduct to regulate, monitor and report trading by insiders, adopted by the Board pursuant to SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015, and SEBI (Prohibition of Insider Trading) (Amendment) Regulations, 2018, the trading window for dealing in the securities of the Company is closed for the designated persons from 01st October, 2019 till 48 hours after the announcement of financial results i.e. up to 16th November, 2019 (both days inclusive).

The Trading Window will be resume from 17th November, 2019.

For Winsome Breweries Limited
Sd/-
Shaan Mohammad
Company Secretary & Compliance Officer

Date : 06.11.2019
Place: New Delhi

### ताजिकिस्तान-उज्बेकिस्तान सीमा पर 15 हमलावर ढेर

**दुशांबे, स्पूतनिक।** ताजीकिस्तान-उज्बेकिस्तान की सीमा के इश्कोबोड नाके पर एक हथियारबंद समूह के 20 बंदूकधारियों ने बुधवार तड़के सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया जबकि सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में 15 हमलावर मारे गये और पाच अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियान के दौरान दो ताजिक सुरक्षा अधिकारी भी मारे गये। तजाकिस्तान की स्टेट कमेटी फॉर नेशनल सिक्योरिटी (एससीएनएस) ने बताया कि आज तड़के एक हथियारबंद समूह के हथियारों से लैस 20 नाकाबपोश ने उज्बेकिस्तान से सटी इश्कोबोड के अलानाबाद सीमा टुकड़ी की सैन्य इकाई की सीमा चौकी संख्या चार पर हमला कर दिया।

## सार समाचार

### इराक में प्रदर्शन के दौरान 97 लोगों की मौत:संरा रिपोर्ट

**बगदाद, शिन्हुआ।** इराक में गत 25 अक्टूबर से चार नवंबर तक हुए विरोध प्रदर्शन में करीब 97 लोगों की मौतें हुई तथा हजारों लोग इसमें घायल हुए हैं। इराक के लिए संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमआई) ने मंगलवार को इसकी सूचना दी।

यूएनएएमआई की जारी रिपोर्ट के अनुसार इराकी सुरक्षा बलों ने शुरुआती विरोध प्रदर्शनों की तुलना में विशेष रूप से बगदाद में अधिक संयम दिखाया। रिपोर्ट में बताया गया है कि इराक में मानव अधिकारों का उल्लंघन किया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के इराक के लिए विशेष प्रतिनिधि जिनीन हेंस-प्लास्चर्ट ने कहा कि रिपोर्ट में उन क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया है जहां हिंसा को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि गत 25 अक्टूबर से इराक के बगदाद और अन्य शहरों में भ्रष्टाचार खत्म करने, रोजगार के अवसर पैदा करने और अन्य मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन चल रहा है।

### तकनीकी खामी के कारण बोइंग 757 की चीन में आपात लैंडिंग

**नोवोसिबर्स्क, स्पूतनिक।** रूस के तोमस्क से वियतनाम जा रही अजूर एयरलाइंस की बोइंग 757-200 विमान में तकनीकी खराबी के कारण विमान की चीन के शिआन शियांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करायी गयी। पश्चिम-साइबेरियाई परिवहन अभियोजन कार्यालय ने इसकी जानकारी दी। कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा, "तोमस्क से फू क्वोक जा रहे बोइंग 757-200 विमान में तकनीकी खराबी आने के कारण चीन के शिआन शियांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करायी गयी। इस विमान में सात चालक दल के सदस्य सहित 241 यात्री सवार थे।"

विमान कंपनी ने कहा, " यात्रियों के पास चीन का वीजा नहीं होने के कारण चीन के अधिकारियों ने यात्रियों को होटल की सुविधा मुहैया नहीं करायी। विमान कंपनी ने यात्रियों के शियान जाने के लिए एक रिजर्व हवाई जहाज की व्यवस्था की है। फिलहाल विमान चीन जा रहा है और उम्मीद है कि यात्री एक बजे फु क्वोक के लिए उड़ान भरेंगे।" कंपनी के मुताबिक यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए पायलट ने आपातकाल लैंडिंग कराने का निर्णय लिया था और लैंडिंग योजना के अनुसार की गयी। लैंडिंग के बाद यात्रियों को खाना दिया गया।

### थाईलैंड में सुरक्षा चौकी पर विद्रोहियों का हमला, 15 मरे

**बैंकॉक, स्पूतनिक।** थाईलैंड के मुआंग जिले की एक सुरक्षा चौकी पर विद्रोहियों के हमले में 15 लोगों की मौत हो गयी तथा अन्य तीन घायल हो गये। बैंकॉक पोस्ट ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि हमलावरों की संख्या करीब 10 थी। विद्रोहियों ने रबर की खेतों से गुजरते हुए सुरक्षा चौकी पर पहुंचकर भारतीय समयानुसार मंगलवार रात साढ़े नौ बजे सुरक्षाकर्मियों पर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना में 11 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि चार अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# करतारपुर वीडियो में खालिस्तानी नेताओं को दिखाने पर विवाद

**इस्लामाबाद** ■ वार्ता

पाकिस्तान के करतारपुर कॉरीडोर पर बनाये गये आधिकारिक गाने के वीडियो में मारे गये तीन खालिस्तानी आतंकवादी नेताओं को दिखाये जाने के बाद एक नया विवाद शुरू हो गया है। पाकिस्तान सरकार ने इस संबंध में एक वीडियो ट्विटर पर शेयर किया है। इसी वीडियो में प्रधानमंत्री इमरान खान सिखों के महत्वपूर्ण गुरूद्वारा दरबार साहिब करतारपुर की महत्ता रेखांकित करते दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो में सिख श्रद्धालुओं के पाकिस्तान के विभिन्न गुरूद्वारों में मत्था टेकने जाते हुए दिखाया गया है। लेकिन विवाद तब खड़ा हुआ जब विडियो में खालिस्तानी नेता जरनैल सिंह भिंडरवाले, अमरीक सिंह खालसा और मेजर जनरल (बर्खास्त) शाहबेग सिंह को दिखाया गया। तीनों खालिस्तानी नेता 1984 में हुए




भारतीय सेना के ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान मारे गये थे।

खालिस्तान समर्थक नेता भिंडरावाले दमदमी टकसाल नामक धार्मिक संगठन के प्रमुख थे। खालसा एक अन्य खालिस्तानी सिख छात्र नेता थे और उन्होंने ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन का नेतृत्व भी किया, जो अब प्रतिबंधित है। शाहबेग सिंह एक बर्खास्त सेना अधिकारी था और ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान भिंडरावाले के साथ वहां मौजूद था। ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान जून, 1984 में स्वर्ण मंदिर में भारतीय सेना ने तीनों खलिस्तानी आतंकवादियों को मारा था।

पिछले साल, पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कहा था, "पाकिस्तान और इसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई पंजाब में सिख आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के लिए करतारपुर कॉरिडोर का उपयोग कर सकती हैं।"

आगामी नौ नवंबर को खोले जाने वाले इस गलियारे में भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए वीजा-मुक्त आवागमन की सुविधा होगी, जिन्हें करतारपुर साहिब जाने के लिए अब केवल एक परमिट प्राप्त करना होगा। करतारपुर कॉरिडोर को लेकर पाकिस्तान दोहरा खेल खेल रहा है। पाकिस्तान की ओर से बुधवार को करतारपुर गुरुद्वारा को लेकर एक आधिकारिक गाना जारी किया गया, लेकिन पाकिस्तान ने इसमें भी खेल किया है। पाकिस्तान की ओर से करतारपुर पर दो वीडियो जारी किए गए हैं, फेसबुक पर अलग और ट्विटर पर अलग है। दोनों ही वीडियो में जरनैल सिंह भिंडरावाले का जिक्र है।

## पाक तुच्छ राजनीतिक फायदों के लिए आतंकवाद को बढ़ावा देता है

**संयुक्त राष्ट्र** ■ भाषा

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कश्मीर में महिला अधिकारों का मुद्दा उठाने के लिए पाकिस्तान पर जमकर बरसते हुए भारत ने कहा कि देश एक ऐसे तंत्र को दर्शाता है जो मामूली राजनीतिक फायदों के लिए आतंकवाद और "विकास विरोधी" चरमपंथी विचारधाराओं को बढ़ावा देता है तथा महिलाओं की आवाज को "दबाता" है।

भारत की तरफ से यह कड़ी प्रतिक्रिया संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की निवर्तमान दूत मलीहा लोधी द्वारा 29 अक्टूबर की चर्चा के दौरान कश्मीर में स्थिति, अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को रद्द किए जाने और घाटी में महिला अधिकारों पर टिप्पणी किए जाने के बाद आई है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव पॉलोमी त्रिपाठी ने 'महिला, शांति एवं सुरक्षा' विषय पर सुरक्षा परिषद की खुली चर्चा के दौरान सोमवार को कहा, "आज जब हर कोई सामूहिक प्रयास पर जोर दे रहा है, वहीं एक प्रतिनिधिमंडल मेरे देश में महिला अधिकारों के बारे में अर्नगल बयानबाजी कर रहा है।"

पाकिस्तान का नाम लिए बिना, त्रिपाठी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल, " ऐसे तंत्र का प्रतिनिधित्व करता है जो तुच्छ राजनीतिक लाभ के लिए आतंकवाद और प्रगति विरोधी चरमपंथी विचारधाराओं को बढ़ावा देता है तथा महिलाओं की आवाज को दबाता है। इसने हमारे क्षेत्र और उससे परे, महिलाओं एवं उनके परिवारों की कई पीढ़ियों का जीवन तबाह कर दिया है।"

संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मंचों पर कश्मीर मुद्दा उठाने की इस्लामाबाद की आदत का जिक्र करते हुए त्रिपाठी ने कहा कि विचाराधीन एजेंडा से बिना किसी प्रासंगिकता के निराधार आरोप लगाना इस देश की आदत बन गई है और यह, "इस प्रतिनिधिमंडल का मुख्य विषय बन गया है।" त्रिपाठी का इशारा लोधी की टिप्पणी पर था जो उन्होंने 29 अक्टूबर की चर्चा के दौरान जम्मू-कश्मीर पर की थी।

## मरियम की रिहाई के आदेश जारी किये

**इस्लामाबाद** ■ वार्ता

पाकिस्तान की मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) की उपाध्यक्ष मरियम नवाज को चौधरी शक्कर मिल (सीएसएम) मामले में लाहौर की एक जवाबदेही अदालत ने बुधवार को रिहाई के आदेश जारी किए। डॉन न्यूज की रिपोर्ट में जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश अमजद नजीर चौधरी ने सैफल मालुक खोखर और फैसल अयूब की ओर से जमानती बांड पेश करने और उसकी जांच के बाद रिहाई के आदेश जारी किये। लाहौर हाई कोर्ट ने सोमवार को सीएसएम मामले में मरियम नवाज शरीफ की जमानत मंजूर की थी।

पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ जिन्हें मंगलवार को सर्विस अस्पताल लाहौर से शरीफ मेडिकल सिटी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया था, उन्हें बेटी मरियम की रिहाई तक



अस्पताल से छुट्टी देने से इन्कार कर दिया गया था।

पीएमएल-एन नेता को दो जमानती बॉन्ड जमा करने का आदेश दिया गया था, जिनमें पहले की कीमत एक करोड़ रुपये और एक अतिरिक्त सात करोड़ रुपये की थी जिसकी रिहाई सुरक्षित करने के लिए मरियम को पासपोर्ट जमा कराने को कहा है। आदेश जारी होने के बाद न्यायिक कर्मचारी जेल के लिए रवाना हुए, जहां कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिहाई के आदेश सर्विस अस्पताल भेजे जाएंगे जहां वर्तमान में मरियम ठहरी हुई हैं।

## परिवार के नौ लोगों की हत्या

**मेक्सिको सिटी, शिन्हुआ।** उत्तरी मेक्सिको में एक अमेरिकी परिवार की तीन महिलाओं तथा तीन बच्चे समेत कम से कम नौ लोगों की एक मादक पदार्थ तस्कर समूह द्वारा घात लगाकर हमले में हत्या कर दी गयी।

अधिकारियों ने कहा कि परिवार के सभी सदस्य चिहुआहुआ स्टेट में रहते थे और मूल रूप से अमेरिकी नागरिक थे। सभी सदस्य सोमवार दोपहर को चिहुआहुआ से सोनोरात स्टेट की तरफ दो वाहनों से जा रहे थे की तभी तसकरों के एक समूह ने उन पर हमला कर दिया। मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने इस घटना पर कहा, " परिवार शायद गलती से एक आपराधिक समूह का शिकार बन गया जो इलाके को अपने कब्जे में करने के लिए लड़ाई कर रहे है।"

## इंटरनेट स्वतंत्रता के मामले में पाक सबसे बुरे देशों में शामिल

**इस्लामाबाद** ■ भाषा

इंटरनेट और डिजिटल मीडिया स्वतंत्रता के लिहाज से पाकिस्तान दुनिया के 10 बदतर देशों में से एक है। इंटरनेट की प्रहरी एक संस्था की तरफ से जारी रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट अधिकार समूह, 'द फ्रीडम हाउस' ने मंगलवार को 2019 के लिए अपनी 'फ्रीडम ऑन द नेट' रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट का शीर्षक 'सोशल मीडिया का संकट' है जिसमें जून 2018 से मई 2019 के बीच वैश्विक इंटरनेट स्वतंत्रता में गिरावट दर्ज की गई। 'डॉन न्यूज' ने रिपोर्ट के हवाले से खबर दी कि संस्था ने अपनी रिपोर्ट में पाकिस्तान को 100 सबसे बुरे देशों (इंटरनेट स्वतंत्रता की नजर से) में 26वें स्थान पर रखा है। पिछले साल की रैंकिंग की तुलना में पाकिस्तान एक स्थान और नीचे खिसक गया है।

देश ने इंटरनेट तक पहुंच में बाधा के मामले में 25 में से पांच अंक, कंटेंट सीमित किए जाने के मामले में 35 में से 14 और उपयोगकर्ता अधिकार सूचकांक के उल्लंघन के मामले में 40 में से मात्र सात अंक प्राप्त किए।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक तौर पर इंटरनेट एवं डिजिटल मीडिया स्वतंत्रता के लिहाज से पाकिस्तान 10 सबसे बुरे देशों में से है। क्षेत्रीय रैंकिंग के लिहाज से, पाकिस्तान वियतनाम और चीन के बाद तीसरे बुरे देश के तौर पर उभरा है। इंटरनेट स्वतंत्रता में आई गिरावट के अलावा रिपोर्ट में पाया गया कि पाकिस्तान में चुनाव में भी गड़बड़ियां हुईं। इसमें पाया गया कि गलत या भ्रामक जानकारियां फैलाने के लिए अत्यंत पक्षपाती टीकाकारों, बोट (इंटरनेट प्रोग्राम) या समाचार वेबसाइटों के समन्वित प्रयोग जैसी अंतरराष्ट्रीय युक्तियों के साथ ही वेबसाइट को ब्लॉक करना या उससे संपर्क पर जानबूझकर लगाए जाने वाले प्रतिबंधों जैसी तकनीकी चालों का उपयोग किया गया। पाकिस्तान के लिए इस रिपोर्ट को डिजिटल राइट्स फाउंडेशन ने तैयार किया है। रिपोर्ट तैयार किए जाने की अवधि के दौरान इंटरनेट में प्रवेश की समझ में मामूली वृद्धि देखी गई। पाकिस्तान में 6.7 करोड़ ब्रॉडबैंड कनेक्शन हैं जो पिछली रिपोर्ट की तुलना में महज एक करोड़ की वृद्धि है। हालांकि, इसमें यह भी बताया गया कि दूर-दराज के इलाकों तक पहुंच देने के सरकार के प्रयासों में हाल के कुछ वर्षों में प्रगति देखी गई है।

# आर्थिकी/कंपनियां

## रिकॉर्ड स्तर पर पहुँचा सेंसेक्स

**मुंबई** ■ वार्ता

मोदी सरकार के "पिछले कार्यकाल में अधूरे रहे" आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने संबंधी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बयान के बाद बैंकिंग तथा वित्तीय कंपनियों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरने में कामयाब रहे तथा बीएसई का सेंसेक्स नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया।

सेंसेक्स बीच कारोबार में 40,606.91 अंक की ऐतिहासिक ऊँचाई को छूने के बाद गत दिवस के मुकाबले 221.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की बढ़त में 40,469.78 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 43.80 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ 11,961 अंक पर बंद हुआ जो 11 जून के बाद का इसका उच्चतम स्तर है। बीच कारोबार में यह 12



हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर पर को पार कर 12,002.90 अंक तक पहुँचने में कामयाब रहा। इस साल 11 जून के बाद यह पहला मौका है जब निफ्टी 12 हजार अंक के पार पहुँचा है।

श्रीमती सीतारमण के बयान के बाद निजी बैंकिंग तथा वित्तीय कंपनियों में लिवाली तेज हो गयी। रियलिटी, बैंकिंग और वित्त समूहों में सबसे ज्यादा बढ़त रही। सेंसेक्स की कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक के शेयर ढाई प्रतिशत से अधिक चढ़े। एचडीएफसी और इंडसइंड बैंक में करीब पौने दो फीसदी, एचडीएफसी बैंक में करीब डेढ़ फीसदी और टाटा मोटर्स में सवा प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गयी।

भारती एयरटेल ने सवा तीन प्रतिशत से अधिक का नुकसान उठाया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, ओएनजीसी और मारुति सुजुकी के शेयर भी एक फीसदी के करीब टूटे। सेंसेक्स 63.62 अंक की बढ़त में 40,311.85 अंक पर खुला और खुलते ही लाल निशान में चला गया। दोपहर से पहले यह 40,037.53 अंक तक उतर गया। हालाँकि बाद में बड़ी कंपनियों में लिवाली होने से यह हरे निशान में लौटने में कामयाब रहा। बीच कारोबार में 40,606.91 अंक के ऐतिहासिक स्तर को छूने के बाद यह गत दिवस की तुलना में 221.55 अंक ऊपर 40,469.78 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

### रुपया 29 पैसे गिरा

**मुंबई, वार्ता।** बैंकों की ओर से डॉलर लिवाली के दबाव में अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में बुधवार को रुपये में गिरावट रही और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 70.98 रुपये के भाव बिका।

गत दिवस आठ पैसे की मजबूती के साथ 70.69 रुपये प्रति डॉलर पर बंद होने वाली भारतीय मुद्रा आज 11 पैसे टूटकर 70.80 रुपये प्रति डॉलर पर खुली। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 70.77 रुपये प्रति डॉलर रहा। बैंकों की ओर से डॉलर लिवाली के कारण रुपये पर दबाव और बढ़ा तथा कारोबार के दौरान एक समय यह 71.01 रुपये प्रति डॉलर के दिवस के निचले स्तर तक उतर गया।

कारोबार की समाप्ति के समय रुपया मंगलवार के मुकाबले 29 पैसे टूटकर 70.98 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो 24 अक्टूबर के बाद का निचला स्तर है। यह 15 अक्टूबर के बाद की सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट भी है।

### बिजनेस सुर्खियां

### वैश्विक संकेतों से सोना 320 रुपये लुढ़का

**नई दिल्ली, वार्ता।** विदेशों में मंगलवार को पीली धातु में रही बड़ी गिरावट का असर दिल्ली सर्राफा बाजार पर आज दिखा और सोना 320 रुपये लुढ़ककर एक सप्ताह के निचले स्तर 39,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चाँदी भी 1,025 रुपये की भारी गिरावट के साथ करीब तीन सप्ताह के निचले स्तर 46,875 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। यह इस साल 26 सितंबर के बाद सफेद धातु में सबसे बड़ी एक दिवसीय गिरावट है। दोनों कीमती धातुओं के भाव लगातार दूसरे दिन टूटे हैं। वैश्विक स्तर पर मंगलवार को सोना हाजिर में 1.7 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी जो सितंबर के उत्तरार्द्ध के बाद सबसे ज्यादा है। आज हालांकि यह दो डॉलर के सुधार के साथ 1,486.30 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। दिसंबर का अमेरिकी सोना वायदा भी आज 2.90 डॉलर चमककर 1,486.60 डॉलर प्रति औंस बोला गया। बाजार विश्लेषकों ने बताया कि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने और अमेरिका में बांड पर ब्याज बढ़ने से निवेशक पूँजी बाजार में जोखिम उठाने का साहस दिखा रहे हैं।

### दिल्ली में प्याज 80 रुपये किलो पर पहुंची

**नई दिल्ली, भाषा।** सरकार के आपूर्ति बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रण रखने के कदमों के बावजूद दिल्ली में पिछले एक हफ्ते में प्याज का खुदरा मूल्य 45 प्रतिशत बढ़कर 80 रुपये किलो पहुंच गया है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक , एक अक्टूबर को प्याज का भाव 55 रुपये किलो था। महाराष्ट्र जैसे प्याज उत्पादक राज्यों में भारी बारिश के बाद इस सब्जी की आपूर्ति पर असर पड़ा है । इ ससे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्याज की कीमतें आसमान छू रही हैं। आकंड़ों के मुताबिक , प्याज की कीमतों में पिछले साल की तुलना में करीब तीन गुना वृद्धि हुई है। नवंबर 2018 में खुदरा बाजार में प्याज का भाव 30-35 रुपये किलो था।

दिल्ली ही नहीं बल्कि देशभर के अन्य क्षेत्रों में भी प्याज की कीमतें बहुत अधिक हैं। हालांकि दिल्ली में , प्याज 'राजनीतिक रूप से संवेदनशील' वस्तु रही है।

### हवाई अड्डों को नये कारोबारी मॉडल तलाशने की जरूरत: एसीआई

**सोल, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परिषद् (एसीआई) की महानिदेशक एंजेला गिटेन्स ने कहा है कि सिर्फ परिचालन से हवाई अड्डों को मुनाफा नहीं हो सकता तथा अपना अस्तित्व बचाये रखने के लिए उन्हें नये कारोबारी मॉडल अपनाने की जरूरत है। गिटेन्स ने इंचिऑन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे द्वारा आयोजित विश्व विमानन सम्मेलन में अपने संबोधन में कहा "विमानों के परिचालन से प्राप्त राजस्व पूँजी लागत तथा परिचालन लागत की पूरी तरह भरपाई नहीं करते। मुनाफे के लिए हवाई अड्डे गैर-विमानन राजस्व पर निर्भर हैं। अल्पावधि में हमें मौजूदा तथा होने वाले बदलावों के प्रति सजग रहना होगा तथा मिलकर नये बिजनेस मॉडल तलाशने होंगे ताकि हम यात्रियों की अपेक्षाओं के साथ कदम मिला सकें।" एसीआई प्रमुख ने कहा कि दुनिया में हवाई यात्रियों की संख्या वर्ष 2037 तक दोगुनी होने की उम्मीद है। इस क्षेत्र में वृद्धि के कारक मौजूद हैं, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या हम उस माँग की पूर्ति करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा "जैसे-जैसे यात्रियों की संख्या बढ़ रही है, नये तथा बेहतर बुनियादी ढाँचों की जरूरत भी बढ़ती जायेगी।

### फिच ने राजकोषीय घाटे का अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली , भाषा।** जोखिम से बचाव समेत विभिन्न मुद्दों पर परामर्श देने वाली कंपनी फिच सॉल्यूशंस ने भारत के राजकोषीय घाटे को लेकर अपने अनुमान को बुधवार को बढ़ा दिया। चालू वित्त वर्ष 2019-20 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3.6 प्रतिशत पर रह सकता है। सुस्त आर्थिक वृद्धि और कॉरपोरेट कर की दरों में कटौती से राजस्व संग्रह को होने वाला नुकसान को देखते हुए राजकोषीय घाटे के अनुमान को बढ़ाया गया है। पहले इसके जीडीपी के 3.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया गया था। फिच सॉल्यूशंस ने कहा कि जीएसटी संग्रह और कॉरपोरेट कर संग्रह में कमी आने की वजह से राजस्व संग्रह 2019-20 के बजट अनुमान से कम रह सकता है।

## बीएसएनएल, एमटीएनएल में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना

**नई दिल्ली** ■ भाषा

सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) ने अपने कर्मचारियों के लिये स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) पेश की है। कंपनी को उम्मीद है कि इस योजना का लाभ 70,000 से 80,000 कर्मचारी उठाएंगे और इससे वेतन मद में करीब 7,000 करोड़ रुपये की बचत होगी। सरकार के इस दूरसंचार कंपनी के लिये राहत पैकेज की मंजूरी के कुछ दिनों बाद वीआरएस लायी गयी है।

बीएसएनएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक पी के पुरवार ने पीटीआई भाषा से कहा कि योजना चार नवंबर से तीन दिसंबर तक खुली रहेगी। वीआरएस की पेशकश के बारे में कर्मचारियों को जानकारी देने के लिये क्षेत्रीय इकाइयों को इस बारे में निर्देश दिये जा चुके है। कंपनी के कर्मचारियों की संख्या 1.50 लाख है और करीब एक लाख कर्मचारी इस योजना के लिये पात्र हैं।

पुरवार ने कहा, ''यह सरकार द्वारा दी गयी बेहतर वीआरएस योजना है और बीएसएनएल कर्मचारियों को इसे सकारात्मक रुप से देखना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि 70,000 से 80,000 कर्मचारियों के इस योजना का विकल्प चुनने की उम्मीद है। इस हिसाब से वेतन मद में करीब 7,000 करोड़ रुपये की बचत की उम्मीद है।

बीएसएनएल स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना-2019 के अनुसार 50 साल की आयु पूरी कर चुके या उससे अधिक उम्र के बीएसएनएल के सभी नियमित और स्थायी कर्मचारी वीआरएस के लिये आवेदन देने को पात्र हैं। इसमें वे कर्मचारी भी शामिल हैं जो बीएसएनएल के बाहर दूसरे संगठन में प्रतिनियुक्ति आधार पर काम कर रहे हैं।

पात्र कर्मचारी के लिये अनुग्रह राशि पूरे किये गये प्रत्येक सेवा वर्ष के एवज में 35 दिन तथा बची हुई सेवा अवधि के लिये 25 दिन के वेतन के बराबर होगी। महानगर टेलीफोन निगम लि. (एमटीएनएल) ने भी अपने कर्मचारियों के लिये वीआरएस लागू की है। कर्मचारियों के लिये यह योजना तीन दिसंबर तक के लिये है। हाल में एमटीएनएल द्वारा कर्मचारियों को जारी नोटिस में कहा गया है, ''सभी नियमित और स्थायी कर्मचारी जो 31 जनवरी 2020 तक 50 साल पूरे कर लेंगे या उससे अधिक उम्र के होंगे, वे योजना के लिये पात्र होंगे। सरकार ने पिछले महीने बीएसएनएल और एमटीएनएल के लिये 69,000 करोड़ रुपये के पुनरूद्धार पैकेज की घोषणा की थी।

**WINSOME BREWERIES LIMITED**
**Regd. Office :** Vill. Sarehkhurd, Tehsil Tijara, Distt. Alwar (Rajasthan)
**Corp. Office:** D-61, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi - 110 020
**CIN :** L15511RJ1992PLC014556,
**Website :** www.winsomeindia.in
**Ph.:** 011-26811299, 2707, **Fax:** 011-26815222
**Mail :** rkb@winsomeindia.in

**NOTICE**

We would like to inform you that the Board Meeting of the Company is proposed to be held on Thursday the 14th day of November, 2019 at 04:00 P.M. at its Corporate Office at D-61 Okhla Industrial Area Phase-I New Delhi-110020 to consider and approve inter-alia,Un-Audited Financial Result for the Quarter and Half-year ended on 30th September, 2019.

In accordance with the Company's Code of Conduct to regulate, monitor and report trading by insiders, adopted by the Board pursuant to SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015, and SEBI (Prohibition of Insider Trading) (Amendment) Regulations, 2018, the trading window for dealing in the securities of the Company is closed for the designated persons from 01st October, 2019 till 48 hours after the announcement of financial results i.e. up to 16th November, 2019 (both days inclusive).

The Trading Window will be resume from 17th November, 2019.

**For Winsome Breweries Limited**
Sd/-
Shaan Mohammad
Company Secretary & Compliance Officer
Date : 06.11.2019
Place: New Delhi

### अमित सेन ने सेल के निदेशक (वित्त) का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली, वार्ता।** अमित सेन भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) के निदेशक (वित्त) नियुक्त किए गए हैं। पेशे से चार्टर्ड एकाउंटेंट श्री सेन ने मंगलवार को निदेशक (वित्त) का कार्यभार संभाल लिया। उन्हें 31 वर्षों का विनिर्माण क्षेत्र में वित्त के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य का अनुभव है । सेन 1993 में भिलाई इस्पात संयंत्र में सहायक प्रबंधक के रूप में सेल से जुड़े। सेल में जुड़ने से पहले श्री सेन लवलाक ऐंड लुईस, और भेल में भी काम कर चुके हैं।

निदेशक वित्त का पद संभालने से पहले श्री सेन निगमित कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त) रहे हैं। उन्होंने ऐसे समय कंपनी के निदेशक (वित्त) का कार्यभार संभाला है जब उपक्रम के संयंत्रों के आधुनिकीकरण और विस्तार के तहत नई यूनिटों में उत्पादन को तेज करते हुए वित्तीय प्रबंधन को और अधिक मजबूत करने के लिए सभी कदम उठा रहा है।

### अमेरिका के चीन से आयात में आयी कमी

**वाशिंगटन, स्पूतनिक।** संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध से दोनों पक्षों को नुकसान हुआ है और इसकी वजह से इस वर्ष की पहली छमाही में अमेरिका के चीन से आयात में 35 अरब डॉलर की कमी आई है। मंगलवार को जारी की गयी रिपोर्ट के मुताबिक, " विश्लेषण से पता चलता है कि अमेरिकी के टैरिफ बढ़ाये जोले की वजह से निर्यात 25 प्रतिशत कम हुआ है जिससे चीन को अमेरिकी बाजार के निर्यात करीब 35 अरब डॉलर का झटका लगा है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के चीन पर पर लगाए गए टैरिफ से दोनों ही देशों की नुक्सान हो रहा है।

### रेडिको खेतान का शुद्ध लाभ 58 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली, भाषा।** शराब बनाने वाली रेडिको खेतान का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 58 प्रतिशत बढ़कर 79.94 करोड़ रुपये रहा।

रेडिको खेतान ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 50.58 करोड़ रुपये था। कंपनी के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2019-20 की जून-सितंबर तिमाही में उसकी परिचालन आय 32.2 प्रतिशत बढ़कर 2,520.05 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,906.1 करोड़ रुपये थी।

### गोदरेज कंज्यूमर का शुद्ध लाभ 28.36% गिरा

**नई दिल्ली, भाषा।** गोदरेज कंज्यूमर प्रोडेक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही में 28.36 प्रतिशत गिरकर 413.88 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक साल पहले की जुलाई - सितंबर अवधि में कंपनी का कर बाद एकीकृत लाभ 577.73 करोड़ रुपये था। जीसीपीएल ने शेयर बाजारों को बताया कि समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी की एकीकृत बिक्री 1.33 प्रतिशत गिरकर 2,608.15 करोड़ रुपये रही , जो एक साल पहले की दूसरी तिमाही में 2,643.26 करोड़ रुपये थी।